p>

Title: Need to make functional ESIC hospital and college in Alwar Parliamentary Constituency.

श्री बालक नाथ (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद । अलवर क्षेत्र में श्रम मंत्रालय की ओर से ईएसआईसी हास्पिटल है, जो कि आज से छः वर्ष पूर्व अलवर में बनाया गया था । वह हास्पिटल आज से छः वर्ष पूर्व में पूर्ण रूप से बनकर तैयार है । हास्पिटल का भवन 500 बेड का है, जिसमें मेडिकल कालेज, फैकल्टी हाउस, सभी तरह की सुविधाएं और सारे इक्विपमेन्ट्स उसमें मौजूद हैं । लेकिन पिछले पांच-छः वर्षों से हास्पिटल और मेडिकल कालेज को नहीं चलाया जा रहा है । मैं आपके माध्यम से श्रम मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि उस हास्पिटल और मेडिकल कालेज को चलाया जाए, ताकि उस क्षेत्र के सभी गरीब लोग वहां पर जा सकें, क्योंकि गरीब लोगों का इलाज सरकारी अस्पताल में होता है ।…(व्यवधान) उस हास्पिटल को चलाया जाए, ताकि गरीब लोगों को सुविधाएं और छात्र-छात्राओं को शिक्षा मिल सके । मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि श्रम मंत्रालय को जल्दी से जल्दी उसको चलाने का निर्देश दिया जाए ।…(व्यवधान)